## बिहार सरकार
## सहकारिता विभाग
## (कार्यालय निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना)
## संकल्प

**विषय :– सहकारिता विभागीय क्षेत्रीय आशुलिपिक संवर्ग के वर्तमान स्वीकृत 10 (दस) पदों के अतिरिक्त 08 (आठ) पदों के सृजन के संबंध में।**

सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या 1239 दिनांक 13.04.2018 द्वारा बिहार सहकारिता प्रशासनिक सेवा के पदों के पुनर्गठन के फलस्वरुप विभागीय कार्यालयों की संख्या में वृद्धि तथा सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों को न्यायिक कार्य संबंधी दायित्व में वृद्धि के आलोक में आशुलिपिक सवंर्ग के अतिरिक्त पदों का सृजन किया जाना है।

2. सहकारिता विभागीय क्षेत्रीय आशुलिपिक संवर्ग नियमावली–2008, यथासंशोधित 2017 के अनुसार विभागीय आशुलिपिक संवर्ग का पद सोपान एवं वेतन पुनरीक्षण 2016 के तहत् इन पदों के वेतनमान इस प्रकार है –

| क्र. | पदनाम | कोटि | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1 | आशुलिपिक / आशुटंकक ग्रेड–III | मूल कोटि | पे लेवल–04 |
| 2 | आशुलिपिक / आशुटंकक ग्रेड–II | प्रोन्नति का प्रथम स्तर | पे लेवल–06 |
| 3 | आशुलिपिक / आशुटंकक ग्रेड–I | प्रोन्नति का द्वितीय स्तर | पे लेवल–07 |
| 4 | प्रधान आशुलिपिक / आशुटंकक | प्रोन्नति का तृतीय स्तर | पे लेवल–08 |

उक्त सेवा नियमावली के नियम–(3) के उप–नियम (4) के प्रावधानानुसार संवर्ग के कुल स्वीकृत बल का 40 प्रतिशत, 30 प्रतिशत, 20 प्रतिशत, तथा 10 प्रतिशत पद क्रमशः मूल कोटि, प्रोन्नति के प्रथम स्तर, प्रोन्नति के द्वितीय स्तर एवं प्रोन्नति के तृतीय स्तर के लिए निर्धारित है।

3. सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 2813 दिनांक 12.08.2000 एवं राज्य विभाजन के फलस्वरुप उत्तरवर्ती बिहार एवं झारखण्ड राज्य के बीच पदों के आवंटन के आलोक में संवर्ग का वर्तमान स्वीकृत बल मात्र 10 (दस) है।

4. अतः सहकारिता विभागीय क्षेत्रीय आशुलिपिक संवर्ग के वर्तमान 10 पदों के अतिरिक्त 08 पद सृजित करते हुए, कुल 18 पदों को विभिन्न कार्यालयों में निम्न प्रकार से निर्धारित किया जाता है :–

| क्र. | कार्यालय का नाम | कुल पद |
|---|---|---|
| 1. | निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना (अपर निबंधक–03 पद / संयुक्त निबंधक–04 / अपर निबंधक, स.स.–सह–अपर परामर्शी (योजना), सहकारिता विभाग 01 पद हेतु 01–01 पद) | 08 |
| 2. | बिहार स्वावलम्बी सहकारी अधिकरण, पटना | 01 |
| 3. | प्रमण्डलीय संयुक्त निबंधक कार्यालय (पटना, दरभंगा, भागलपुर, सारण, तिरहुत, कोशी, मगध, पूर्णिया एवं मुंगेर, कुल 09 कार्यालयों में 01–01 पद) | 09 |
| | कुल :– | 18 |

सेवा नियमावली के प्रावधानानुसार आशुलिपिक संवर्ग के कुल 18 पदों में से मूल कोटि के 07 पद (40%), प्रोन्नति के प्रथम स्तर के 05 पद (30%), प्रोन्नति के द्वितीय स्तर के 04 पद (20%), तथा प्रोन्नति के तृतीय स्तर के 02 पद (10%) होंगे तथा संबंधित कार्यालय में निर्धारित पद पदस्थापित कर्मी के पद अनुरुप उत्क्रमित समझा जायेगा।

7. इन पदों पर होने वाले व्यय का वहन पूर्ववत् स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अन्तर्गत (i) प्रशासनिक कार्यालयों के लिए मांग संख्या–09, मुख्य शीर्ष–2425 सहकारिता, उप मुख्य शीर्ष–00, लघुशीर्ष–001 निदेशन एवं प्रशासन, उपशीर्ष–0002 अधीक्षण, विपत्र कोड–09–2425000010002 एवं (ii) बिहार स्वावलम्बी सहकारी अधिकरण के लिए मांग संख्या–09, मुख्य शीर्ष–2425 सहकारिता, उप मुख्य शीर्ष–00, लघुशीर्ष–001 निदेशन तथा प्रशासन, उपशीर्ष–0003 सहकारी अधिकरण, विपत्र कोड– 09–2425000010003 में उपबंधित राशि से किया जायेगा।

**आदेश** – आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र में आगामी असाधारण अंक में सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाय।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

(धर्मेन्द्र सिंह) 21/3

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक 02 / नि॰स्था॰(विविध–12)–03 / 2024 2656, पटना दिनांक 21.03.2025.

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/3

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक 02 / नि॰स्था॰(विविध–12)–03 / 2024 2656, पटना दिनांक 21.03.2025.

प्रतिलिपि :– सरकार के सभी विभाग / विभागाध्यक्ष / सभी प्रमण्डलीय आयुक्त / सभी जिलाधिकारी / सभी संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ (अंकेक्षण सहित) / सचिव, बिहार स्वावलम्बी सहकारी अधिकरण, पटना / सभी उप मुख्य अंकेक्षक, स.स. / प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, पूसा, समस्तीपुर / सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी / सभी जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, स.स. / सभी सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ (खादी एवं बुनकर सहित) / सभी कोषागार पदाधिकारी / उप सचिव (ई–गजट), वित्त विभाग, बिहार, पटना (दो हार्ड कॉपी एवं सी.डी. सहित) / आई॰टी॰ मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

21/3

सरकार के सचिव।